लापरवाही | शास्त्री ब्रिज, ज्योति टॉकीज सहित अन्य इलाकों में नजर आ रही लापरवाही

कहीं मौत की वजह न बन जाएं फटे फ्लैक्स...

जिम्मेदारों द्वारा अभी तक यूनिपोल के फटे फ्लैक्स नहीं हटाए गए

नवभारत,जबलपुर। आंधी-तूफान, तेज हवाओं के साथ फटकर सड़कों पर गिरने वाले और चालू बिजली लाइन की तारों पर लिपटे हुए फ्लैक्स इन दिनों शहर में जानलेवा साबित होते नजर आ रहे हैं। ये यूनिपोल के फ्लैक्स सड़क पर चलने वालों के लिए बड़ा खतरा उभरकर दिख रहे हैं जो कभी भी बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकते हैं। ज्योति टॉकीज चौराहा ,शास्त्रीब्रिज सहित अन्य शहर के इलाकों में जानलेवा फ्लैक्स हवा में उड़ रहे हैं। नागरिकों द्वारा नगर निगम को कई बार फ्लैक्स उतारने कहा जा चुका है लेकिन अभी फिलहाल इस ओर जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं दिया गया है। ऐसे में राहगीरों को ढर सता रहा है कि कहीं चलते वाहन में ये फ्लैक्स न गिर जाएं जिससे सड़क दुर्घटना घटित हो जाए। वहीं विज्ञापनों के होर्डिंग्स में स्टील के पाइप भी कई जगहों पर गिरने की कगार पर आ चुके हैं जो कभी भी गिर सकते हैं।

आलम ये है कि फटे हुए फ्लैक्स की समस्या सिर्फ शास्त्रीब्रिज व ज्योति टॉकीज चौराहे तक ही सीमित नहीं रह गई है बल्कि गौरीघाट रोड, मदन महल स्टेशन, रद्दी चौकी रोड, आईएसबीटी, रांझी, गोरखपुर व सदर जैसी जगहों पर लगे यूनिपोल के फ्लैक्स फटकर कहीं किसी बिजली की तार में झूलते नजर आ रहे हैं।

इन विभागों की होती है जिम्मेदारी

यूनिपोल, जेंट्रीगेट के यह फ्लैक्स ही किसी बड़े हादसे का कारण बनते हैं।

आंधी से फट चुके फ्लैक्स को उतारने में कोताही बरतने वाले जिम्मेदार विभागों में शामिल रेलवे, नगर निगम व कैंटोनमेंट बोर्ड के अधिकारी हैं। इन विभागीय अधिकारियों द्वारा इस पूरे मामले में अपनी तरफ से प्राथमिकताएं तय नहीं की गई है। ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो जिम्मेदार विभाग के अधिकारी किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हों।

इन जगहों पर देखी जा सकती है लापरवाही

जानकारी के अनुसार दीनदयाल चौक पर लगा यूनिपोल का फ्लैक्स पिछले कई दिनों से फटा हुआ है जिसे अभी तक जिम्मेदारों द्वारा उतारा नहीं गया है। इसी तरह से शास्त्रीब्रिज के ठीक बगल से पश्चिम मध्य रेल के डबल डेकर यूनिपोल स्ट्रेक्कर का आधा फ्लैक्स फटकर नीचे लटक रहा है। इसी तरह से गौरीघाट रोड, मॉडल रोड, रद्दी चौकी रोड एवं मदन महल स्टेशन रोड के पास दिशा सूचक गेट का फ्लैक्स फटकर सड़क पर लहरा रहा है, जिसे अभी तक नहीं निकाला गया है।

कलेक्टर ने की पेयजल व्यवस्था, जल संरक्षण एवं उपार्जन कार्यों की समीक्षा

जबलपुर। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित की गई समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्यों, समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन तथा सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की विस्तार से समीक्षा की गई।

कलेक्टर सिंह ने जिले के ग्रामीण क्षेत्र में ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पर चर्चा करते हुये शहपुरा विकासखण्ड के चरगवां क्षेत्र के समस्या मूलक ग्रामों में पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने इन गांवों में वॉटर रिचार्जिंग के स्ट्रक्चर के निर्माण पर जोर दिया ताकि भविष्य में यहाँ इस तरह की समस्या न आये। बैठक में शहपुरा जनपद पंचायत की सीईओ द्वारा चरगवां क्षेत्र के पन्द्रह गांव को पेयजल आपूर्ति की दृष्टि से समस्या मूलक बताया गया था। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को चरगवां क्षेत्र के इन गांवों का भ्रमण कर पेयजल आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुये कहा कि यदि कहीं आवश्यकता तो वहाँ नये नलकूपों का खनन किया जाये। इसके साथ ही उन्होंने जल स्तर गिरने की वजह से बंद हुये हैंडपंपों में राइजर पाइप लगाने के निर्देश भी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को दिये। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान एवं जल संचय जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। एनएचएआई और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सड़कों के किनारे सोक पीट निर्माण के लिये चिन्हित किये गये स्थानों में से कई पर कार्य शुरू कर दिया गया है। कलेक्टर श्री सिंह ने समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की प्रगति की समीक्षा के दौरान गेहूं के परिवहन और भंडारण में गति लाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने किसानों को उनकी उपज का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की हिदायत देते हुये अधिकारियों को खरीदी केंद्रों का नियमित भ्रमण करने कहा तथा यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये कि खरीदी केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो बैठक में जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत, सभी एसडीएम तथा सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

दहेज में बुलट नहीं दी तो ससुराल पक्ष ताने मार देते रहे प्रताड़ना, घर से निकाला

पति, सास, ससुर समेत साले के खिलाफ प्रकरण दर्ज

जबलपुर। माढ़ोताल थाना अंतर्गत जमुनिया निवासी एक महिला को दहेज लोभी बुलट न देने पर प्रताड़ित करने लगे। इतना ही नहीं उसे ताने मारते हुए उसकी बेरहमी से पिटाई भी करते रहे। जब उनकी डिमांड पूरी नहीं हुई तो उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर पति, सास, ससुर समेत साले के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक सोमवार को लखन चौधरी 56 वर्ष निवासी जमुनिया सकरा पाटन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बेटी पिंकी उर्फ कुसुम चौधरी की शादी 28 अप्रैल 2018 को राहुल चौधरी निवासी शंकर नगर माढ़ोताल के साथ हिन्दू रीति रिवाज से हुयी थी उसने अपनी सामर्थता के अनुसार दान दहेज गृहस्थी का सामान, सोना चांदी हीरो डीलक्स मोटर सायकल दी थी जिससे बेटी की सुसराल वाले नाराज हो गये कि बुलट मोटर सायकल चाहिये, इसी बात को लेकर उसकी बेटी को ताने मारकर मानसिक रूप से परेशान करते थे जिसके बारे में उसकी बेटी ने बताया था उसने पारिवारिक स्तर पर बेटी के ससुराल वालों के साथ आपसी समझौता करवा दिया था लेकिन कुछ समय बाद बेटी का सुसर मुन्ना चौधरी, सास सरस्वती चौधरी, पति राहुल चौधरी देवर छोटू चौधरी उसकी बेटी परेशान करने लगे, बेटी के साथ मारपीट कर एवं दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। 9 मई को दामाद राहुल चौधरी उसकी बेटी पिंकी उर्फ कुसुम चौधरी एवं छोटी बच्ची देवांसी 2 वर्ष को घर से निकाल दिया इसके बाद वे बेटी मानसिक रूप से परेशान है और सदमे में रहने लगी है। पुलिस ने शिकायत पर आरोपित दहेज लोभियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

विद्युत कर्मचारी के साथ मारपीट करने वालों को गिरफ्तार करें

नवभारत,जबलपुर। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जबलपुर ओएंडएम सर्किल के जबलपुर ओएंडएम संभाग के अंतर्गत उर्दुवा गांव में विद्युत आपूर्ति बंद कर 33 केवी लाइन का मेंटेनेंस कर रहे लाइन कर्मी संदीप दीपांकर के साथ गांव के उपभोक्ता धर्मेंद्र पटेल ने गालीगलौच कर मारपीट कर दी थी। जिसको लेकर आक्रोश व्याप्त है। मप्रविमं तकनीकी कर्मचारी संघ ने मारपीट करने वाले की गिरफ्तारी की मांग की है। संघ के प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मेंटेनेंस कार्य कर रहे विद्युत कर्मचारियों को आरोपी धर्मेंद्र पटेल भद्दी-भद्दी गालियां दी और विद्युत कर्मी संदीप दीपांकर के साथ मारपीट की और इसके बाद सबस्टेशन पहुंचकर ड्यूटी ऑपरेटर से भी अभद्रता कर दी।

ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 4,910 चालकों का कटा चालान

15 दिन पुलिस ने कार्रवाई के साथ चलाया जागरूकता अभियान

जबलपुर। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से चले 15 दिवसीय विशेष अभियान के तहत पुलिस ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई के साथ जागरूक अभियान भी चलाया। बिना हेल्मेट के वाहन चलाने वाले 4910 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्यवाही के साथ 47 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर हेलमेट की अनिवार्यता एवं यातायात के नियम के प्रति नागरिकों को जागरूक किया। इसके अलावा यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न कर आम रोड पर खडे वाहनों के खिलाफ व्हील लॉक की कार्यवाही की गई।

विदित हो कि सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण यातायात नियमों की अनदेखी और हेलमेट का उपयोग न करना है। आंकड़ों के अनुसार लगभग 50 प्रतिशत मृतकों मे दोपहिया वाहन चालक शामिल होते हैं, जो हेलमेट नही पहनते हैं। इसे गंभीरता से लेते हुये पुलिस विभाग ने सख्ती बरतने का निर्णय लिया है। पुलिस परिवहन शोध संस्थान, पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं मे कमी लाने एवं दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट धारण करने की अनिवार्यता को लेकर प्रदेश मे 26 अप्रैल से से 10 मई तक विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश दिये गये हैं।

पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर जिले में भी सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए अभियान चलाया गया। पीओएस मशीन के माध्यम से अधिक से अधिक चालानी कार्यवाही के साथ ही पीओएस मशीन से ही ड्रायविंग लायसेंस निलंबन करने परिवहन विभाग को भेजा गया। शैक्षणिक एवं अन्य संस्थानों में हेलमेट की अनिवार्यता व यातायात नियमों के प्रति जागरुकता का अभियान चलाया गया।

एक नजर में

जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त रूप से चलाया अभियान

जबलपुर, नवभारत। रेल यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने और अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जबलपुर रेलवे स्टेशन परिसर में जीआरपी और आरपीएफ द्वारा संयुक्त रूप से सघन सुरक्षा अभियान चलाया गया। अभियान के तहत रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म, आउटर क्षेत्र, मुसाफिरखाना और ट्रेनों में सुरक्षा जांच के साथ यात्रियों को जागरूक किया गया। संजीवनी राजपूत ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य ट्रेन और प्लेटफॉर्म पर चोरी, स्नैचिंग तथा नशीले पदार्थों संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं की पहचान सुनिश्चित के उपयोग जैसी घटनाओं की रोकथाम करना और करना था। अभियान के दौरान यात्रियों को अनाउंसमेंट के माध्यम से सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। यात्रियों से कहा गया कि वे अपने बैग और सूटकेस में मजबूत ताला लगाएं तथा मोबाइल, पर्स और गहनों जैसी कीमती वस्तुएं हमेशा अपने पास रखें। यात्रियों को चलती ट्रेन में खिड़की के पास सतर्क रहने, भीड़भाड़ वाले समय में सावधानी बरतने और अजनबियों से खाने-पीने की ही मोबाइल चोरी होने की स्थिति में तत्काल सिम बंद वस्तुएं स्वीकार नहीं करने की भी सलाह दी गई।

शराब के लिए पैसे नहीं देने पर चाकू से गोदा

जबलपुर। गढ़ा थाना अंतर्गत शाहीनाका रोड पर बीती रात पुरानी रंजिश के चलते दो भाइयों ने मिलकर एक मटका व्यवसायी और उसके दोस्त के साथ मारपीट कर चाकू हमला कर दिया। आरोपियों ने पहले शराब के लिए रुपयों की मांग की और इनकार करने पर चाकू से हमला कर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामले में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार संजीवनी नगर निवासी 18 वर्षीय अर्जुन चक्रवर्ती ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह त्रिपुरी चौक पर मटका बेचने की दुकान लगाता है। बीती रात उसका दोस्त उमाशंकर पटेल उसके घर आया था। रात करीब 11 बजे जब दोनों खाना खाकर शाहीनाका रोड स्थित राजेश फर्नीचर के पास टहल रहे थे, तभी वहां के निवासी सौरभ चक्रवर्ती और सचिन चक्रवर्ती ने उन्हें घेर लिया। सौरभ के साथ उसका करीब तीन साल पहले विवाद हुआ था। उसी खुन्नस को लेकर सौरभ ने अर्जुन को देखते ही विवाद शुरू कर दिया और शराब पीने के लिए 1000 रुपये की मांग करने लगा। अर्जुन द्वारा पैसे देने से मना करने पर दोनों भाइयों ने उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। विवाद बढ़ता देख जब अर्जुन का दोस्त उमाशंकर पटेल बीच-बचाव करने पहुंचा, तो आरोपी सौरभ चक्रवर्ती ने तैश में आकर अपने पास रखे चाकू से हमला कर दिया। हमले में उमाशंकर की कमर और जांघ में गंभीर घाव आए हैं, वहीं अर्जुन भी कंधे पर चोटिल हुआ है। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल उमाशंकर पटेल को तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गेहूं उपार्जन पर फेसबुक लाइव आज

जबलपुर। गेहूं उपार्जन से जुड़े विषयों पर जिले के किसानों से फेसबुक लाइव के माध्यम से संवाद का कार्यक्रम मंगलवार 12 मई को शाम 4 बजे से होगा। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार फेसबुक लाइव का यह कार्यक्रम जिला प्रशासन के आधिकारिकफेसबुक पेज कलेक्टर जबलपुर पर होगा। किसान इस कार्यक्रम से जुड़कर उपार्जन से जुड़े विषयों पर अपनी जिज्ञासा का समाधान प्राप्त कर सकेंगे, अपनी कठिनाइयों को बता सकेंगे तथा उपयोगी सुझाव भी दे सकेंगे। गेहूं उपार्जन पर फेसबुक लाइव के कार्यक्रम में किसानों के सवालों का जबाब उपार्जन व्यवस्था से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी देंगे।

50 वारंटी, 20 शराब तस्कर धराए

जबलपुर। शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस ने पिछले 24 घंटे में पिछले कई वर्षो से फरार 25 गैरम्यादी, 25 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है एवं 73 जमानती वारंट तामील किये गये। इसके अलावा अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 20 व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 58 पाव देशी, अंग्रेजी एवं 20 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी।

नगर निगम की जमीनी मेहनत से बदली शहर की सूरत

नवभारत,जबलपुर। शहर में इन दिनों स्वच्छता को लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा है, जैसा कि दीपावली के दीपोत्सव पर दिखाई देता है। नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान ने शहर की उन गलियों की तस्वीर बदल दी है, जहाँ कभी गंदगी के ढेर के कारण लोगों को परेशानी होती थी आज उन्हीं बैकलेन में लोग बैठकर कैरम खेल रहे हैं और चाय की चैपाल सजा रहे हैं।

यही नहीं आज नगर निगम के पार्षद कमलेश अग्रवाल और श्रीमती वर्षा मनोज सेन ने भी बैकलेन में जाकर बच्चों के साथ कैरम खेल, क्रिकेट, बैटमिन्टन के साथ अन्य खेलों का आनंद उठाया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने इस बार स्वच्छता को केवल कचरा उठाने तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे एक उत्सव का रूप दे दिया है। शहर के उन हिस्सों को चिन्हित किया गया जो लंबे समय से उपेक्षित थे। सफाई के बाद इन स्थानों पर आकर्षक स्ट्रीट आर्ट और पेंटिंग की गई है। वहीं शहर की दीवारों पर उकेरी गई आकृतियाँ लोगों को जागरूक व प्रेरित भी कर रही हैं। इन पेंटिंग्स में दो मुख्य थीम रखी गई हैं जिसमें शांति और शुचिता का संदेश देती कलाकृतियाँ लोगों के मन को सुकून पहुँचा रही हैं। कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के संदेशों को कला के माध्यम से बेहद रोचक ढंग से दर्शाया गया है।

कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत

जबलपुर, नवभारत। सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय परिषद की बैठक से आयुध निर्माणी कर्मचारियों के हित में एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक समाचार प्राप्त हुआ बैठक में कैबिनेट सचिव द्वारा आश्वासन दिया गया है कि आयुध निर्माणी कर्मचारियों की डीम्ड डेपुटेशन अवधि को उनकी सेवानिवृत्ति तक बढ़ाया जाएगा। इस संबंध में आवश्यक प्रशासनिक आदेश नियमानुसार शीघ्र जारी किए जाने की अपेक्षा है। यह निर्णय देशभर के हजारों आयुध निर्माणी कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत, सुरक्षा और विश्वास का संदेश लेकर आया है। लंबे समय से कर्मचारियों के मन में इस विषय को लेकर जो असमंजस और चिंता बनी हुई थी, इस आश्वासन से उसे काफी हद तक दूर होने की उम्मीद जगी है।



ट्रेनों में पकड़े गए 67 हजार से अधिक अनियमित यात्री

जबलपुर, नवभारत। जबलपुर रेल मंडल द्वारा यात्री गाड़ियों में संचालित सघन टिकट जाँच अभियान के उत्कृष्ट परिणाम सामने आए हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के एक माह (1 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026) के दौरान वाणिज्य विभाग की टीम ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करते हुए कुल 67.70 हजार से अधिक अनियमित बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा, जिनसे कुल 520.51 लाख रुपये का राजस्व रेलवे को प्राप्त हुआ। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के प्रभावी मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के नेतृत्व में टिकट चेकिंग स्टाफ एवं वाणिज्य विभाग की टीम द्वारा मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं यात्री गाड़ियों में निरंतर और लक्षित जाँच अभियान चलाए गए। इन अभियानों में यात्री सुरक्षा, राजस्व संरक्षण तथा अनियमित यात्रा पर प्रभावी नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। वही वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी मंडल में टिकट जाँच हेतु विशेष अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे और अनियमित यात्रा पर शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी।

एआईडीईएफ के संघर्ष को मिली बड़ी सफलता

नवभारत,जबलपुर। ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन के संघर्ष को बड़ी सफलता मिली है। मीडिया प्रमुख उत्तम विश्वास ने बताया कि राष्ट्रीय परिषद जेसीएम की बैठक में कैबिनेट सचिव द्वारा आयुध निर्माणी कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति की तारीख तक डीम्ड प्रतिनियुक्ति अवधि के विस्तार के संबंध में दिया गया आश्वासन रक्षा नागरिक क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण जीत है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एस एन पाठक के अनुसार यह उपलब्धि अपने आप नहीं आई। यदि हमारे महासंघ ने साहसपूर्वक इस मुद्दे को नहीं उठाया होता और मामले को उच्च न्यायालय तक नहीं पहुंचाया होता, तो सरकार ने हजारों कर्मचारियों के इस वैध अधिकार को गंभीर रूप से कमजोर कर दिया होता और छीन लिया होता। एक बार फिर, अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ (एआईडीईएफ) के नेतृत्व ने साबित कर दिया है कि जब रक्षा कर्मचारियों की सेवा शर्तों, अधिकारों, सम्मान और भविष्य की रक्षा की बात आती है, तो एआईडीईएफ कर्मचारियों के सच्चे प्रतिनिधि और अभिभावक के रूप में मजबूती से सबसे आगे खड़ा है। महासचिव सी कुमार ने इस मौके पर कहा कि यह जीत दृढ़ संकल्प और निरंतर संघर्ष को दर्शाती है। वहीं संगठन मंत्री अर्नब दास गुप्ता और अमरीश सिंह सदस्य ने कहा कि हम सभी डिफेंस सिविलियन कर्मचारियों को बधाई देते हैं।

चेकिंग देख भागा, पुलिस ने पीछा कर दबोचा

शातिर चोर ने उगली चोरियां, दो वाहन जब्त

जबलपुर। रानीताल में चैकिंग देखकर भागे एक्सिस सवार पर संदेह होने पर लार्डगंज पुलिस ने उसका पीछा किया और गढ़ा फाटक में घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने वाहन चोरियों का खुलासा किया। आरोपी के कब्जे से दो चुराये हुए वाहन जब्त किए गए। लार्डगंज थाना प्रभारी नवल आर्य ने बताया कि रानीताल में वाहन चैकिंग के दौरान एक युवक एक्सिस से आता दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा संदेह होने पर पुलिस ने उसका पीछा किया। गढा फाटक के पास घेराबंदी कर गौरव उर्फराज पिता हेमंत झरिया 25 वर्ष निवासी बधायां मोहल्ला हरिजन बस्ती थाना गोहलपुर को रोका गया। जिससे लिये हुये एक्सिस के सम्बंध में पूछताछ करने पर वाहन के कागजात पास में न होना बताया, वाहन चोरी का होने के संदेह पर गौरव उर्फ राज को थाना लाकर सघन पूछताछ करने पर उक्त एक्सिस को 17-18 दिन पूर्व गढा फाटक एवं ढाई माह पूर्व एक मोटर सायकिल ओमती अंतर्गत कार्तिक होटल के पास से चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी गौरव के कब्जे से चुराई हुई एक्सिस क्रमांक एमपी 21 एमएम 6488 एवं बाइक क्रमांक एमपी 20 एनई 4397 जप्त की गई।

स्वच्छता अभियान | निगमायुक्त को दिया सकारात्मक फीडबैक

500 से अधिक बेटियों ने स्वच्छता अभियान में भागीदारी की

नवभारत,जबलपुर। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत शहर को स्वच्छता के पहले पायदान पर पहुँचाने के प्रयासों ने अब जन-आंदोलन का रूप ले लिया है। इसी क्रम में सोमवार को निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार अपनी टीम के साथ शासकीय होम साइंस कॉलेज पहुँचे, जहाँ कॉलेज की छात्राओं और प्रबंधन में स्वच्छता के प्रति गजब का उत्साह देखने को मिला।

कॉलेज के प्राचार्य की उपस्थिति में 500 से अधिक छात्राओं ने न केवल स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी की, बल्कि सर्वेक्षण के संबंध में अपना सकारात्मक फीडबैक भी दर्ज कराया। छात्राओं ने शहर की सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए संकल्प लिया कि वे स्वयं और अपने आस-पास के लोगों को कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करेंगी, और स्वच्छता फीडबैक के लिए अनुरोध करेगें। इस मौके पर निगमायुक्त ने बताया कि युवा शक्ति जब किसी अभियान से जुड़ती है, तो उसकी सफलता सुनिश्चित हो जाती है। होम साइंस कॉलेज की छात्राओं का यह सकारात्मक रुख स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में जबलपुर को अव्वल बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चैहान, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव एवं मुख्य स्वच्छता निरीक्षक श्रीमति अगस्ते और आई.ई.सी. की टीम आदि उपस्थित रहे।